राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

क्रमांक/ 01 /स्टोर/वाहन अपलेखन/2022 ग्वालियर, दिनांक 28.04.2022

-विज्ञप्ति-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर के कार्यालय में अधोलिखित शासकीय वाहन के विक्रय हेतु सीलबंद निविदायें (टेण्डर) दिनांक 18/05/2022 अपरान्ह 03:00 तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी दिन दिनांक 18/05/2022 को सांय 04:30 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर संयुक्त राजस्व भवन कार्यालय में खोली जावेगी।

वाहन का विवरण

क्र	पंजीयन क्रमांक	वाहन का प्रकार	इंजन क्रमांक	चेसस क्रमांक	मॉडल	हालत	ऑफसेट प्राइज
1	2	3	4	5	6	7	8
1	MP02 AV 3101	TATA INDIGO,MANJA CAR, Dew White	323B6600-7064299	XMAT613201AL G2193IX	2010	चालू	35000

निविदा की शर्तें:-

1. वाहन कार जहां है तथा जिस हालत में है, नीलाम किया जावेगा।
2. निविदा के साथ वाहन के लिए अमानत राशि रूपये 5000/- नगद कार्यालय में जमा किये जाने की रसीद संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदा पर तथा लिफाफे पर वाहन क्रमांक अंकित करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा पर वाहन की प्रस्तावित कीमत अंकों तथा शब्दों में लिखा जावे।
5. वाहन का निरीक्षण राजस्व मण्डल, संयुक्त राजस्व भवन ग्वालियर कैम्पस में कार्यलयीन समय में अवकाश को छोड़कर किया जा सकता है।
6. उच्चतम निविदा स्वीकार करने के पश्चात् 07 दिवस के भीतर शेष राशि राजस्व मण्डल कार्यालय में नगद जमा करना अनिवार्य होगा।
7. सशर्त निविदा स्वीकार्य नहीं होगी। निविदा की शर्ते का पालन नहीं करने पर जमा की गई अमानत राशि राजसात कर ली जावेगी।
8. निविदा स्वीकृत /अस्वीकृत करने अथवा अमान्य करने का अधिकार अध्यक्ष राजस्व मण्डल , मध्यप्रदेश, ग्वालियर को होगा जिसे किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकेगी।
9. किसी भी प्रकार के विवाद में अध्यक्ष राजस्व मण्डल ,मध्यप्रदेश ,ग्वालियर का निर्णय अंतिम होगा तथा इसे सभी पक्षकारों का स्वीकार करना होगा।
10. निविदायें दिनांक 18/05/2022 को सायं 4:30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी।
11. क्रेता को क्रय के पश्चात् 15 दिवस में नया रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा।

सचिव
राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश,
ग्वालियर